हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 20 अगस्त 2025

06 राजस्व विभाग को हस्तांतिरत होने के बाद पट्टों का...



07 जल निगम के प्रबंधक सहित कई अधिकारियों...





### खबर संक्षेप

#### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं।

### महिला किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि फसल बीमा राशि नहीं मिली तो आंदोलन जारी रहेगा

# सोयाबीन की खराब फसल हाथों में लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, बीमा दो..बीमा दो..के लगाए नारे

पिछले पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने उन्हें एक पैसा तक मुआवजा नहीं दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ज़िले के कई गांवों की सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं हाथों में खराब सोयाबीन की फसल और तख्तियां लेकर लंबी रैली में शामिल हुईं। महिलाओं ने बीमा कंपनी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने उन्हें एक पैसा तक मुआवजा नहीं दिया।

किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा में बताया कि ग्राम मोहाली छोटी, ग्राम बडवेली, ग्राम सेवनिया,ग्राम संग्रामपुर, ग्राम लसूरिया खास, ग्राम रसुरलिया धाकड़ ,ग्राम छापरी कला, ग्राम चंदेरी, ग्राम रामा खेड़ी ग्राम कुलान्स खुर्द,कुलान्स कला, ग्राम टीला खेड़ी, ग्राम बोरखेड़ी, ग्राम कोठरी,ग्राम नंदिनी ऐसे तीन जिलों के किसान लोग बीमा राशि को लेकर के मांग कर रहे हैं। किसानों को पिछले 5 सालों से सोयाबीन की फसल खराब होने के बाद भी बीमे की राशि नहीं मिली है।

**बीमा राशि नहीं मिली तो आंदोलन जारी रहेगा :** किसान महिलाओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें बीमा राशि नहीं मिलती, तब तक उनका आंदोलन इसी तरह चलता रहेगा। महिलाएं सड़क पर बैठकर धरना दे रही हैं और प्रशासन को घेरने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि बीमा के नाम पर केवल वसूली होती है, लेकिन जब फसल खराब होती है तो कंपनियां जिम्मेदारी से पीछे हट जाती हैं।

#### एक दर्जन गांव की महिलाएं उतरीं सड़क पर

ग्राम टीला खेड़ी, बोरखेड़ी, नंदिनी, कोठरी, जीवनलाल, लोहापठार, रामाखेड़ी, छापरी कला, लसूडिया खास, लहसु धाकड़, संग्रामपुर, चंदेरी, भोजनगर और ढाबला सहित करीब एक दर्जन गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर सड़क पर उतरकर प्रशासन को चेताया।

#### ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश चरम पर

महिलाओं ने हाथों में सूखी और सड़ी हुई सोयाबीन की फसल उठाकर अधिकारियों की आंखें खोलने का प्रयास किया। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक फसल का सवाल नहीं, बल्कि उनके बच्चों की रोटी और भविष्य का सवाल है। आंदोलन तेज़ हो रहा है और महिलाएं बीमा मुआवजा मिलने तक पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

## कुबेरेश्वरधाम पर एकादशी पर लगाया फलहारी का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तेज धूप के बावजूद कांवड़ यात्रा जारी, शिव के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का क्रम जारी है। महाराष्ट्र के दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु आस्था और उत्साह के साथ शहर के सीवन नदी के तट से करीब 11 किलोमीटर दूर तक पैदल चलते हुए धाम पर पहुंचकर बाबा का अभिषेक कर रहे है। शाम को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने महा आरती की। इससे पहले सुबह एकादशी के पावन अवसर पर भोग लगाया गया था और विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि ने प्रसादी का वितरण किया। मंगलवार को भी धाम पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। करीब 11 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले श्रद्धालुओं के लिए कभी बारिश की बौछारे और तेज धूप आती है, लेकिन उनकी श्रद्धा और आनंद चरम पर ही रहता है। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि तेज धूप के बावजूद कांवड़ यात्रा जारी है। कांवड़िए भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और भक्ति के साथ भीषण गर्मी में भी अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह से ही सीवन नदी के तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तेज गर्मी के पश्चात भी लंबी दूर तय कर बाबा का अभिषेक किया। महाराष्ट्र प्रांत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जहां पर आते है और भजन-कीर्तन आदि का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा भक्तों की भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, इसको लेकर पूरी आस्था के साथ श्रद्धालु धाम पर पहुंच रहे है। वही ऐसे श्रद्धालुओं भी है जो रेलवे स्टेशन से करीब 13 किलोमीटर दंडवत करते हुए आते है।

## माटी की गणेश प्रतिमा बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



**सीहोर।** जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति सजगता और चेतना को विस्तार देना है।

प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी को माटी से परंपरागत एवं स्व निर्मित गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया और माटी से बनी हुई मूर्ति की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में बताया कि पीओपी से बनी मूर्ति किस प्रकार पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। कार्यशाला में बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे वह स्वयं की माटी और स्वयं के शुद्ध जल का प्रयोग करते हुए पवित्र माटी गणेश का निर्माण कर सकेंगे और आने वाली गणेश चतुर्थी में अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना कर सकेगें। इस अवसर पर जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, डॉ. ब्रजेन्द्र जायसवाल, जनक सिंह गोयल, प्रदीप सिंह सेंगर, जया राठौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भोपाल से अपना इलाज कराकर घर लौट रहा परिवार, तजपुरा-कोठरा रपटे में डूबी कार

### पानी में कार को डूबता देख कार के छत पर बैठ मां, बेटे व ड्राइवर का किया रेस्क्यू



**भैरुंदा।** सोमवार को रात के दौरान भैरुंदा निवासी अग्रवाल समाज का परिवार भोपाल से घर लौटते समय रात के करीब 9.30 बजे ग्राम ताजपुरा, कोठरा के बीच रपटे पर पानी होने से कार बीच रपटे से फंस गई। कार में सावर मां ,बेटे और ड्राइवर ने अपनी जान कार की छत के ऊपर बैठकर बचाई। मौके पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।। सूचना पर भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं टैक्टर की मदद से पानी में डूब रही कार को भी बाहर निकाला।

मिली जानकारी अनुसार भैरूंदा निवासी नीलकंठ रोड पर अनुज अग्रवाल, उनकी मां कृष्णा अग्रवाल का ईलाज कराने भोपाल किराए की गाड़ी लेकर गए हुए थे। भोपाल से वापस कोलार रोड से होते हुए घर लौट रहे थे। तभी ताजपुरा से होते हुए घर आना था। अचानक रास्ता भूले दूसरे रास्ते में तजपुरा , कोठरा बीच नाले के ऊपर करीबन 3 फूट पानी तेज़ बहाव में पानी दौड़ रहा था। ड्राइवर को लगा छोटा रपटा है, कम पानी होंगा। कार पानी में उतार दी इस दौरान कार आधा रपटा भी पार नहीं कर सकी बीच रपटे में फंस गई। पानी के तेज बहाव और रपटे पर 3फूट पानी होने कारण कार डूबता देख कार में सावर मा ,बैठे, सहित ड्राइवर कार की छत पर जाकर बैठ गए। ऐसे तीनों ने अपनी जान बचाई।

वहीं तीनों ने आवाजें लगना शुरू किया जैसे तैसे स्थानीय लोगों आवाज सुनाई दी मौके पर पहुंचे, जिसकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम और स्थानीय लोगों की मदद ट्रेक्टर पर बैठाकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं कार को भी बाहर निकाला। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया सोमवार 18अगस्त को रात के करीबन 9.45 बजे फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि तजपुरा – कोटरा के बीच रपटे पर भैरूंदा के तीन लोग फोर व्हीलर गाडी सहित पानी मे फंसे हुए है, जो गाड़ी की छत पर बैठे हुए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अति पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं एसडीओपी भैरूंदा को सूचना दी जाकर निर्देशन प्राप्त हुआ। भैरूंदा थाने से प्रधान आरक्षक दिनेश जाट, आरक्षक सतेन्द्र दोहरे,100 डायल मय स्टाफ (आरक्षक विपिन जाट, चालक नरेन्द्र) को घटना स्थल पर तत्काल रवाना किया जिन्होने तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की मदद से रपटे पर फंसे अनुज अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल निवासी भैरुंदा वहीं वाहन चालक कन्हैयालाल महेश्वरी निवासी बोरखेडा कला व वाहन को सकुशल बाहर निकाला। ग्रामीणों एवं अग्रवाल परिवार द्वारा पुलिस की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही की सराहना की हैं।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 45 आवेदनों पर की सुनवाई

### निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शाम को हुई बारिश से मिली उमस से राहत



**सीहोर।** गर्मी और उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल था। बारिश की खेंच के चलते फसलें भी मुर्झाने लगी थीं। मंगलवार को अचानक शाम को मौसम बदला और बारिश का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक रुक-रुककर जारी रहा। इससे मौसम में ठंडक घुल गई और उमस से राहत मिली। जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 13.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7, आष्टा में 10, जावर में 35, इछावर में 6, भैरूंदा में 16, बुधनी में 10, रेहटी में 26.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 19 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 725.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 788.5 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

### मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे वाल्मिकी समाज के लोग

# प्रशासन से मोहल्ले का नाम बदल ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कादरा बाद के वाल्मिकी समाज में आक्रोश बना हुआ है, क्योंकी वाल्मिकी मोहल्ले का नाम सरकारी दस्तावेजों में ठाकुर मोहल्ला कर दिया गया है। हालात ऐसे है कि वाल्मिकी मोहल्ले के लिए स्वीकृत होने वाले सरकारी निर्माण कार्य ठाकुर मोहल्ले में हो रहे है और वाल्मिकी समाज के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है।

ग्रामीणों ने मोहल्ले का नाम बदलने की गहरी साजिश रचने का आरोप सरपंच और सचिव पर भी लगाया है। इस मामले में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर वाल्मिकी समाज के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले का नाम वापस वाल्मिकी मोहल्ला कराने की मांग है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया की हमारे मोहल्ले में कोई भी ठाकुर समाज का मकान नहीं है सभी वाल्मिकी समाज के ग्रामवासी इस मोहल्ले में रहते है पहले मोहल्ले का नाम वाल्मिकी मोहल्ला ही था फिर अचानक हमारे मोहल्ले का नाम ठाकुर मोहल्ला कर दिया गया है इस की जानकारी हमें तब हुई जब हमारे नाम के पत्र असली ठाकुर मोहल्ले में पहुंचने लगे अनेक लोगों के आधार कार्ड में भी ठाकुर मोहल्ला पता छपा हुआ है जिसस कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पंचायत एप से जानकारी मिली की वाल्मिकी समाज के नाम पर होने वाले सरकारी निर्माण कार्य ठाकुर मोहल्ले में किए जा रहे है और हम सड़क पानी बिजली नाली जैसी मूलभूत सूविधाओं को तरस रहे है। वाल्मिकी समाज के लिए सरकारी मद से स्वीकृत हुआ सामुदायिक भवन भी ठाकुर मोहल्ले में बना दिया गया है।

मांग करने वालों में शिवनारायण, प्रेमा, अर्जुन सिंह, मांगीलाल, गोविंद, रमेश, रंजीत, नारान सिंह, देव सिंह, भैयालाल, नंदलाल, गोलु, रामकिशन, लखन बुलाखीलाल, किशनलाल, दुर्गाप्रसाद, राजू, अजय, देवीराम, विशाल, खेमराज, प्रेगाजी, कुदन, बद्रीप्रसाद, प्रदीप, रघुनाथ, कृपाल, भूर सिंह, घुडीलाल, जीवन, रामकिशन, जितेन्द्र शिवनारायण, अजय, मुकेश, प्रदीप, विशाल, खेमराज, कृपाल नारायण थरसिंह देवीसिंह जनगरीरा जितेंद्र रणजीत किशनलाल वरदान अमरीश नंदलाल महेश भैयालाल राजू गोविंद कृष्ण गोपाल लखनलाल राजेश गोलू देवीसिंह आदि ग्रामवासी शामिल है।

## सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का कारगर हथियार है: कलेक्टर बालागुरू के.




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में सायबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मध्यप्रदेश कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एमपीसर्ट) के विशेषज्ञों द्वारा साइबर खतरों, सुरक्षा और सरकारी विभागों के डाटा और अपने निजी डाटा को सुरक्षित करने के बारे में विस्तार ने जानकारी दी।

कार्यशाला में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी कामकाज में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक अब हमारी जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया, ये सब अब दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। लेकिन डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। हमें जो डिजिटल सुविधा मिलती हैं, वह कभी-कभी चुनौती बन जाती हैं। सायबर अटैक, डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी कई घटनाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक ऑनलाइन उपयोगकर्ता के लिए जरूरी है कि वह बहुत ही सावधानी और सतर्कता के साथ इन माध्यमों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है। इसके साथ ही समय समय पर शासन की अधिकृत संस्थाओं द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी का पालन करें।

कार्यशाला में बताया गया कि सायबर सुरक्षा कंप्यूटर, नेटवर्क, प्रोग्राम और डेटा को डिजिटल हमलों, चोरी, क्षति या अनाधिकृत पहुंच से बचाने के लिए विभिन्न उपाय, तकनीकियाँ और रणनीतियां शामिल हैं, जिनका उपयोग संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम MP-CERT का गठन 14 दिसम्बर 2022 को किया गया है। यह टीम राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा के मुद्दों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने और रोकथाम के उपायों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। टीम साइबर हमलों के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के साथ ही नागरिकों, सरकारी एजेंसियों और अन्य संस्थाओं को सुरक्षा संबंधी सलाह प्रदान करती है। कार्यशाला में एमपी-सर्ट के प्रमुख सलाहकार अंबर पांडे, विधिक सलाहकार योगेश पंडित, मुकुंद सिंह सोलंकी, कुमारी प्रियंका गोस्वामी ने पीपीटी के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### निरंतर जारी यज्ञ हवन का आयोजन

**सीहोर।** आर्य समाज शहर छावनी सीहोर एवं लोक जनकल्याण परिषद सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में जनमानस की सुख समृद्धि एवं पूर्ण जलवृष्टी के लिये आर्य समाज छावनी सीहोर के अध्यक्ष कमलेश आर्य के द्वारा निरंतर यज्ञ हवन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्थानीय कोतवाली चौराहे स्थित कार्यालय पर यज्ञ हवन कर ईश्वर से पूर्ण बरसात एवं जनमानस की सुखसमृद्धि के लिये कामना की गई। श्री आर्य ने बताया कि जब तक पूर्ण बारिश के लिये हवन पूजन अति आवश्यक है, इसी संकल्प के साथ निरंतर यज्ञ हवन का आयोजन जारी रहेगा। आज मंगलवार को उत्तप्रदेश से पधारे विद्वानों की गरिमामय उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ कोतवाली चौराहे पर यज्ञ हवन किया जावेगा।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता- गवा गांव की टीम ने जीता कप



**सीहोर।** महुआखेड़ापुरा नई कालोनी पार्वती डेम पर भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शाम को मटकी फोड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता रविवार आठ बजे प्रारंभ हुई और देर रात तक चला। इसमें क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गवा टीम ने हासिल किया। आयोजनकर्ताओं ने विजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल भावना बनाए रखने की सलाह दी। प्रतियोगिता में खुमान सिंह गुर्जर, रामदयाल तंवर, देवी सिंह तंवर, इंदर सिंह, राजेश तंवर, संतोष प्रजापति, प्रकाश तंवर, विजय सिंह, भगवान सिंह, सोनू गुर्जर, राजेश तंवर आदि शामिल थे।

### स्थाई पट्टे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# राजस्व विभाग को हस्तांतरित होने के बाद पट्टों का नहीं हुआ नवीनीकरण

इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि उनके पूर्वज विगत 50 वर्षो से उक्त वन भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि शासन के आदेश पर वर्ष 1972-73 में ग्राम में 48 लोगों को वन अधिकार पत्र पट्टे दिए गए थे जिस पर वे खेती कर रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मंगलवार को ग्राम खटपुरा के वन अधिकार पट्टे धारी किसानों ने स्थाई पट्टे की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख है कि ग्राम खटपुरा की वन भूमि पर वन अधिकार पट्टा धारी किसानों को स्थाई पट्टे ( राजस्व भू अधिकार पत्र) दिए जाएं।

इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि उनके पूर्वज विगत 50 वर्षो से उक्त वन भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि शासन के आदेश पर वर्ष 1972-73 में ग्राम में 48 लोगों को वन अधिकार पत्र पट्टे दिए गए थे जिस पर वे खेती कर रहे हैं। पूर्व में वन विभाग द्वारा उन्हें सन 2007 में अवधि समाप्त होने के बाद उक्त भूमि को राजस्व विभाग को हस्तांतरित किए जाने के कारण पट्टों का नवीनीकरण नहीं किया गया जिसको लेकर कई बार आवेदन देने के बाद भी उक्त भू अधिकार पत्र का नवीनीकरण नही हो सका ओर न ही किसानों को अभी तक राजस्व विभाग द्वारा पट्टे प्रदान किए गए, जिसमे किसानो को शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। जिसको लेकर खटपुरा के ग्रामीणों ने बुधनी एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम डी एस तोमर को अपनी समस्या बताई और जिला कलेक्टर से मांग की है कि पिछले 50 वर्षो से जिस भूमि पर वह काबिज हैं शासन द्वारा वन आधिकार पत्र को स्थांतरित कर राजस्व भू अधिकार पत्र दिए जाने की मांग की है जिसमे उन्हें शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल मुख्य रूप से गणपत सिंह, द्वारका प्रसाद, गेंदालाल, रामसिंह,तेजराम, भंवरलाल, कुंदनलाल, मुरलीधर मोतीलाल, चेनसिंह, राजकुमार सहित अन्य ग्रामीण मोजूद थे।

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डी एस तोमर ने कहा कि तहसील के ग्राम खटपुरा के वन भूमि किसानों ने पट्टे दिए जाने की मांग की है इस विषय को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा इस मामले में विस्तृत जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## वसुधैव कुटुंबकम- भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रेरक आयोजन



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, सीहोर में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत वसुधैव कुटुंबकम की भारतीय अवधारणा विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति के उसे शाश्वत संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉक्टर रोहिताश्व कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि पंडित नरेश तिवारी जी, जो भारतीय संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा, अद्वैत वेदांत और कर्मकांड के प्रकांड विद्वान हैं, का स्वागत कर बीज वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि वसुधैव कुटुम्बकम्‌ भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत गूढ़ एवं प्रेरणादायी विचार है। इसका शाब्दिक अर्थ है- पूरी पृथ्वी एक परिवार है। यह केवल एक नारा या कथन नहीं बल्कि जीवन दर्शन है जो मानवता को प्रेम, सहयोग और भाईचारे के सूत्र में बांधकर सभी के कल्याण की भावना को अभिव्यक्त करता है। मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में पंडित नरेश तिवारी ने बताया कि भारतीय ज्ञान तीन अवधारणाओं पर टिका है दर्शन व्यवहार और विज्ञान। डॉक्टर जितेंद्र आर्य ने कहा कि भाईचारा एवं सहयोग विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और धर्म के बीच पारस्परिक सम्मान और सहयोग को प्रोत्साहन देता है और युद्ध, हिंसा और आतंकवाद से मुक्त समाज के निर्माण में सहायक होता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर तृप्ता झा ने कहा कि जब हम पूरी पृथ्वी को अपना परिवार मानेंगे तो जल, जंगल, जमीन और जीव जंतुओं की रक्षा कर सकेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 'विश्व शांति एवं सौहार्द' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम स्थान माही शर्मा, द्वितीय भावना मालवीय और तृतीय सोनम प्रजापति ने प्राप्त किया। संचालन डॉक्टर जितेंद्र आर्य ने किया तथा आभार डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने व्यक्त किया।

## जगत में ज्ञान से पवित्र सूक्ष्म बलशाली कोई पदार्थ नहीं है : आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जड़ पदार्थों को गति चेतन्य सत्ता से मिलती है।असीम श्रष्टि निर्माणकर्ता ईश्वर स्वयं कभी गति में नही आता है। वह सर्वत्र व्यापक है,किंतु वही जड़ पदार्थों को गति देता है।

यह उदगार सोमवार प्रातः आर्य समाज मंदिर महर्षि दयानंद मार्ग गंज में जारी वेद प्रचार सप्ताह के दौरान सोमवार को बिजनौर उ.प्र से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए। उन्होंने वेद विषयक व्याख्यान के दौरान कहा कि वेदों में गायत्री महामंत्र 3 बार आया है,जन्म मृत्यु का कारण हमारी वासनाएं ही हैं।सर्वशक्तिमान ईश्वर जगत और प्राणियों के देह की रचना करने में किसी की भी सहायता नही लेता है। इसके पूर्व वैदिक भजनोपदेशक प.भीष्म आर्य ने कहा कि गायत्री मंत्र के जाप से बुद्धि, पूर्णनिर्मल हो जाती है,उन्होंने ईश्वर भक्ति गीतों एवं भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं की खूब दाद बटोरी।

आर्य समाज मंदिर में प्रातः कालीन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहूति प्रदान की।गौरतलब है कि वेदप्रचार सप्ताह का समापन 24 अगस्त को होगा।प्रतिदिन प्रातः व सांय 08 बजे से वेदज्ञान की अमृतवर्षा का क्रम जारी रहेगा।

कार्यक्रम में उप प्रधान तरूण जगवानी, वैदिक प्रवक्ता संतोषसिंह, आर.एस गौर, रमेश राठौर बाबूलाल राठौर राजेन्द्र राठौर धर्मेंद्र शास्त्री सहित बड़ी संख्या में आर्यजन धर्मप्रेमी महिलाएं बच्चे मौजूद थे संचालन आर्य समाज के प्रधान नरेशआर्य ने किया।

### विश्व मच्छर दिवस पर आयोजित होंगी अनेक जागरुकता गतिविधियां

**सीहोर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर 20 अगस्त को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर वेक्टर जनित रोग के बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से जिला और ब्लॉक स्तर पर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों, स्कूली बच्चों, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ मलेरिया-प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि रोगों की रोकथाम के उपायों के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही ब्रिडिंग स्त्रोत में कमी और पर्यावरण प्रबंधन के माध्यम से वेक्टर नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एकदिवसीय स्वास्थ्य रक्त परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के लगभग 140 छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सीहोर के आदेशानुसार गठित मेडिकल दल ने शिविर का संचालन किया। दल में लैब सुपरवाइजर श्री दुर्गेश विश्वकर्मा, लैब सुपरवाइजर (आष्टा) शुभम गोस्वामी तथा लैब सहायक संजय पुष्पद सम्मिलित थे। शिविर में प्रतिभागियों के रक्त के नमूने लेकर महत्वपूर्ण जाँचें की गईं। संबंधित जाँच रिपोर्ट प्रतिभागियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर की शुरुआत में लैब सुपरवाइजर दुर्गेश विश्वकर्मा ने सभी छात्राओं एवं स्टाफ को स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया तथा आभा आईडी की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथि दल का गरिमामयी स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने श्री दुर्गेश विश्वकर्मा का, प्राध्यापिका डॉ. कलिका डोलस ने श्री शुभम गोस्वामी का तथा आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अनूप सिंह एवं रेडक्रॉस प्रभारी अमिता बैरागी ने संजय पुष्पद का स्वागत किया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भूमिका से यह शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर की समाप्ति पर आभार ब्रजेश विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने भी इसे अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायी बताया। प्रमाणित किया जाता है कि संजय पुष्पद, लैब सहायक ने शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित रक्त परीक्षण शिविर में अपनी सक्रिय एवं उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कीं। आपके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा छात्राओं व स्टाफ को स्वास्थ्य परीक्षण की महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई। महाविद्यालय परिवार आपकी सेवाओं की सराहना करता है एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा रखता है।

## विश्व शांति और सौहार्द विषय पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**सीहोर।** मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता का विकास करना, विश्व शांति के महत्व को समझाना तथा समाज में आपसी सद्भावना एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से यह संदेश दिया कि शांति और सद्भाव ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति है। रंगों और रचनात्मकता से सजे पोस्टरों में न केवल कलात्मक सौंदर्य झलक रहा था बल्कि सामाजिक जागरूकता का गहरा संदेश भी समाहित था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। विजेताओं को आगामी भारतीय ज्ञान परंपरा सप्ताह के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा. इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं में न केवल रचनात्मक सोच विकसित करती हैं बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व की भी प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, एवं छात्राये उपस्थित रहे।

### होमगार्ड लाइन प्लाटून कमांडर के पद पर पदस्थ चंदर सिंह चंदेरिया को मिला राष्ट्रपति पदक से सम्मान



**सीहोर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीहोर के होमगार्ड लाइन प्लाटून कमांडर पद पर पदस्थ चंदर सिंह चंदेरिया को मुख्यमंत्री और राज्यपाल राजभवन मे राष्ट्रपति पदक से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में यह सम्मान चंदर सिंह को दिया गया। इस अवसर पर उनके पूरे विभागीय अधिकारी, परिवारजनों के साथ समाजजन रमेश मालवीय, जगदीश मालवीय, तुलाराम मालवीय, पूरन लाल मालवीय घनश्याम मालवीय, लक्ष्मीनारायण मालवीय, इमरत लाल मालवीय मुकेश बरेठा, मुकेश बड़ोदिया, प्रहलाद मालवीय, मनोज कनौजिया श्याम मालवीय, गोविंद मालवीय, महेश मालवीय, दिनेश मालवीय, सोनू मालवीय, चिंटू मालवीय, गिरधारी संदीप मालवीय, राहुल मालवीय, शुभम मालवीय सहित अन्य ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## 20 को होगी जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को आवासीय खेलकूद संस्थान में सीहोर जिला स्तरीय आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रेखा बत्रा भोपाल योगासन स्पोर्ट मेम्बर ने की। महिला पतजंलि योग प्रभारी भी है। योग के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एवं सभी लोगों, छात्रों को योग के प्रति जागरूक करने हेतु योगा की जानकारी आवश्यक है। योग से जुड़े सभी लोगों के लिए म.प्र.योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन योगासन प्रतियोगिता का आयोजन करा रहा है।


छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर योगासन प्रतियोगिता में शामिल होने के उद्देश्य से योग में रूचि आवश्यक है। बैठक में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 अगस्त 2025 को आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित किया जायेगा।

प्रतियोगिता हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है, जिसमें 10 से 14 वर्ष सब जुनियर, 14 से 18 वर्ष जुनियर, 18 से 28 वर्ष सीनियर, 28 से 35 वर्ष सीनियर ए, 35 से 45 वर्ष सिनियर बी, 45 से 55 वर्ष सिनियर सी, इनकी उम्र दिनांक 1 जनवरी 2025 को जन्म दिनांक निम्नानुसार होगी। प्रतियोगिता हेतु आधार कार्ड आवश्यक है, पंजीयन शुल्क 200 रूपये रखा गया है। बैठक में प्रमुख रूप से आलोक शर्मा, विकास, विजय राठौर, श्याम विश्वकर्मा, अभिलेख वर्मा, अरूण राठौर, श्रीमती रेखा, मनोज कुमार व्यास, पंकज वर्मा, अरूण राठौर, लेशीश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### नई रणनीति से संगठन को किया जा रहा मजबूत, बेहतर करेंगे कार्य

# जिला अध्यक्षों को राहुल गांधी देंगे ट्रेनिंग पंचायत स्तर तक बनाई जाएगी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए नई रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी ने हाल ही में सभी जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इन अध्यक्षों को 25 अगस्त को दिल्ली में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कांग्रेस हाईकमान ने जिला अध्यक्षों को पंचायत और वार्ड कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। इन कमेटियों में एक छात्र, एक महिला और एक युवा का होना अनिवार्य किया गया है। कमेटी के लिए फॉर्मेट जल्द ही भेजा जाएगा। राहुल गांधी ने 'एमपी डीसीसी कनेक्ट' नाम से एक आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप के माध्यम से जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही राहुल गांधी के दौरों और बयानों की जानकारी भी साझा की जाएगी।

**15 दिन का विशेष प्रशिक्षण वर्ग भी होगा आयोजित :** एक दिवसीय प्रशिक्षण के बाद 15 दिन का विशेष प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित किया जाएगा। इस नई व्यवस्था में जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए गए हैं। संगठन का विकेंद्रीकरण किया जा रहा है, जिससे जिला अध्यक्ष अपने क्षेत्र में बेहतर काम कर सकेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने 25 अगस्त को होने वाली ट्रेनिंग की पुष्टि की है। इस दौरान उन्हें कार्य करने के तरीके और आगामी 15 दिवसीय प्रशिक्षण की जानकारी दी जाएगी।

## पशुपालन और डेयरी विभाग के उपसंचालक ने किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. आरपी गौतम ने जिले के ग्राम शाहपुर कोड़िया स्थित गोपाल गौशाला एवं ग्राम थूनाकला स्थित श्री राम जानकी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला संचालन समिति को शत-प्रतिशत टैगिंग, नियमित साफ-सफाई एवं निराश्रित गौवंश के चारा-भूसा एवं दाना की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौशाला के नोडल अधिकारी एवं विभागीय अमले द्वारा पशुओं में ईयर टैगिंग, टीकाकरण एवं डीवर्मिंग की गई। उन्होंने गौशाला प्रबंधक को प्रतिदिन उपलब्ध पशुओं की संख्या ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला गौशाला नोडल अधिकारी डॉ. आरके शाक्य सहित गौशाला नोडल एवं विभागीय चिकित्सकों का अमला उपस्थित था।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

प्र.क्र. 0241/अ-6/2025-26

// जाहिर सूचना पत्र //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमिला भगत पत्नि शिवनारायण निवासी नेहरू कोलोनी छावनी सीहोर एवं कृषक ग्राम छावनी तहसील सीहोर ने भूमि का वसीयत के आधार पर नामांतरण मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि पति शिवनारायण आ. नर्मदाप्रसाद निवासी सीहोर भूमि ग्राम छावनी सीहोर खसरा नंबर 101/98 रकबा 0.027 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जिसका स्वर्गवास दिनांक 28/04/2025 को हो जाने के कारण वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपति हो तो यह अपनी आपत्ति जारी दिनांक से 07 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद- म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह इश्तहार आज दिनांक 19/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील सीहोर नगर**

## एक्सपर्ट की सलाह: कोई भी 'डॉट एपीके' फाइल डाउनलोड न करें

# अलर्ट: बैंक ऑफ इंडिया के नाम से फ्रॉडर्स भेज रहे हैं 'डॉट एपीके' फाइल्स

### फाइल डाउनलोड करते ही साइबर धोखेबाजों के हाथ में पहुंच जाता है मोबाइल का कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देश में इस समय सायबर क्राईम के जरिए धोखेबाजों द्वारा लोगों के साथ तरह-तरह से ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ये धोखेबाज भोले-भाले लोगों अपनी बातों में उलझाकर, डिजिटल अरेस्ट करके या अन्य तरह से झांसे में ले लेते हैं और संबंधित व्यक्ति अपनी जीवन भर की कमाई लुटाकर बैठ जाता है। इस तरह के सायबर क्राईम करने वाले धोखेबाजों द्वारा इन दिनों लोगों के मोबाईल पर बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक फर्जी पत्र भेजते हुए उसके साथ एक 'डॉट एपीके' फाईल भेजी जा रही है। यह एपीके फाईल डाउनलोड करते ही संबंधित व्यक्ति के मोबाइल का पूरा कन्ट्रोल फ्रॉडर के हाथ में पहुंच जाता है। मोबाइल का कन्ट्रोल फ्रॉडर के पास पहुंचने से ओटीपी भी उनके पास ही आ जाता है और उसे डालकर वे संबंधित व्यक्ति का बैंक अकाउन्ट खाली करने सहित उस मोबाइल नंबर को अन्य तरह के अपराधों में उपयोग कर रहे हैं।

सायबर एक्सपर्टस का कहना है कि अगर आपके पास भी बैंक ऑफ इंडिया के पत्र के साथ किसी तरह की एपीके फाईल आए तो उसे कदापि डाउनलोड न करें। ये फर्जी एपीके फाईलें आपके फोन में मेलवेयर या वायरस डालकर आपकी निजी जानकारी चुराने के लिए बनाई जाती हैं। इसलिए किसी भी अनजान स्त्रोत से एपीके फाईलें डाउनलोड करने से बचना चाहिए।




### अन्य लोगों को आपके नंबर से जाने लगते हैं मैसेज

एपीके फाईल आपके मोबाइल में डाउनलोड होने पर आपका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके उपरान्त आपके ही नंबर से विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों सहित पसर्नली लोगों को बैंक के उक्त फर्जी पत्र के साथ एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए भेजी जाती है। उक्त पत्र अंग्रेजी भाषा में लिखित है जिसमें उल्लेख रहता है कि आपका एकाउन्ट बंद कर दिया गया है क्योंकि आपने पिछले महीने की ईकेवायसी नहीं करवाई है।

### अगर गलती से फाइल डाउनलोड हो जाए तो यह करें

अगर भूलवश यह 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड हो भी जाए तो मेसेज, कैमरा, लोकेशन आदि की एक्सेस के लिए परमीशन मांगी जाती है। संबंधित मोबाइल धारक को किसी भी परमीशन के लिए यस नहीं करना चाहिए।

### इनका कहना है

बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों के लिए री-ईकेवायसी के लिए शिविर लगवाए जा रहे हैं लेकिन किसी तरह की एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए नहीं भेजी जा रही है। बैंक ऑफ इंडिया के नाम का उक्त पत्र पूरी तरह से फर्जी है। उपभोक्ताओं को फ्राडर्स के झांसे में नहीं आना चाहिए।

**जीतेंद्र रामचंदानी**, लीड बैंक मैनेजर, राजगढ़

किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल में 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड या इन्स्टॉल नहीं करनी चाहिए। इस तरह की फाईलें मोबाइल के मेलवेयर में चली जाती है और मोबाइल का कन्ट्रोल सायबर क्रिमनल्स के पास पहुंच जाता है जिससे वे किसी भी तरह की धोखाधड़ी कर सकते हैं।

**शकील अंजुम, साइबर एक्सपर्ट, राजगढ़**

## लापरवाहियों पर कलेक्टर का सख्त रुख

# जल निगम के प्रबंधक सहित कई अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर आयोजित टाईम लिमिट बैठक में लापरवाही एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर कई तरह की कार्यवाहियां प्रस्तावित की गई हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत कार्य न करने पर जल निगम के प्रबंधक एस.के. जैन पर कार्यवाही करने कमिश्नर को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए।

इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन के कारण नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) और अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) सहित तलेन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध तरीके से हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समाधान करें। कलेक्टर ने खिलचीपुर एसडीएम को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समाधान न करने वाले पटवारी की 01 वेतनवृद्धि रोकी जाए।

### पचोर तहसीलदार पर 25 हजार का जुर्माना

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर पचोर तहसीलदार पर 26 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही नरसिंहगढ़ एवं पचोर के तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में निराशाजनक प्रदर्शन के चलते शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। इसके साथ ही पीएम आवास योजना के प्रभारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य पर उद्योग अधिकारी को मिली प्रशंसा

उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण वितरण में राजगढ़ जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर द्वारा इसकी प्रशंसा करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग अधिकारी सीमा सौलंकी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

## राज्य मंत्री टेटवाल ने फोड़ी मटकी

# जोशी परिवार ने परंपरागत रूप से मनाया 30वां नंदोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जोशी परिवार द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ अपना 30वां नंदोत्सव मोहल्ला जाटवाड़ी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रुपेश जोशी, मेघा जोशी, देवांश जोशी एवं आरव्या जोशी ने भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन कर 56 भोग अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कौशल विभाग एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष प्रभा पालीवाल का तिलक व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बाल रूप सुंदरकांड समिति अध्यक्ष आनंद जोशी, परमानंद जोशी, अंकुर सोनी, ग्यारस भजन मंडली, संतोष सोनी, नयनतारा, विक्रम सिंह बेस, महेश पुष्पद आदि ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें मंत्री गौतम टेटवाल ने मटकी फोड़कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भगवान लड्डू गोपाल की आरती कर 56 भोग महाप्रसादी का वितरण किया गया।



### लगातार चोरियों से नागरिकों में भय का माहौल

**माचलपुर।** नगर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही है पहले चोरों ने दुकानों फिर मंदिर अब किसानों के बिजली उपकरणों को भी अपना निशाना बनाने लग गए है! करीब दो माह पहले एक व्यापारी के वहा से दिन में ही गल्ले से रुपए बड़े बेखौफ अंदाज में रुपए चुरा लिए थे यह पूरा दृश्य सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हो गया था! फिर भगवान के मंदिर को अपना निशाना बनाया था जिस पर पुलिस के हाथ आज भी खाली है थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया था की हमने अपराधी की पहचान कर ली है हम उसे जल्द पकड़ लेंगे! फिर भी अपराधी पकड़ से बाहर ही है! कुछ किसानों ने पहलाद, प्रभुलाल, घनश्याम, अनु विश्वकर्मा द्वारा सोमवार को थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन दिया है जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया है शनिवार को हमारे लसूलडीया रोड के खेत में ट्रांसफार्मर (डीपी) आइल किसी ने चुरा लिया है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

# पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने किया यात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

शनिवार को नगर में तलेन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति यादव समाज के तत्वाधान में नगर में श्री भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकल गई। शोभा यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर यादव मोहल्ले से बैंड बाजे ढोल डीजे के साथ प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली। इस शोभा यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह , श्री महाकाल मित्र मंडल , क्षत्रिय राजपूत समाज, गायत्री परिवार , नगर परिषद, आदि द्वारा फ्रूटी केले व पुष्प वर्षा भव्य स्वागत किया गया। इस शोभा यात्रा में शामिल झांकी आकर्षण का केंद्र रही । वहीं शोभा यात्रा में भारी बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने शोभायात्रा में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की तथा भारी बारिश के बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी शोभायात्रा में मौजूद रहे। शोभायात्रा में शामिल लोग ढोल, डीजे, बैंड बाजे ,पर जमकर झूमें। शोभा यात्रा नगर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होती हुई यादव धर्मशाला पहुंची। जहां पर महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।




### समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा के पश्चात यादव धर्मशाला में अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा , मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, नायब तहसीलदार मनोज शर्मा , थाना प्रभारी मेहताब सिंह ठाकुर , हिंदू धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव, यादव समाज अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव प्रेम नारायण यादव,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण यादव , उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव , श्री कृष्ण जन्म उत्सव समिति अध्यक्ष, रोहित यादव व सचिव अमित यादव की उपस्थिति में संक्षिप्त कार्यक्रम हुआ। जिसमें यादव समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को जो कक्षा 11वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए थे उन्हें क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रशंसा पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । क्षेत्रीय विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित कर सभी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा संसार में सभी रहने वाले मनुष्य जीव जंतु सभी के पालनहार है भगवान श्री कृष्ण के मंत्र जपने से मनुष्य को किसी भी प्रकार की कोई बाधा ,कठिनाई मुसीबत नहीं आती। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल यादव द्वारा किया गया व आभार हिंदू धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव ने व्यक्त किया।

## डेढ़ साल से लगातार अनुपस्थित था

# कोयला में पदस्थ प्रावि शिक्षक सेवा से पृथक

**राजगढ़।** खिलचीपुर ब्लॉक की प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक को लगातार डेढ़ साल से शाला में अनुपस्थित रहने पर विभाग द्वारा सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। संबंधित शिक्षक को इस बारे में विभाग द्वारा कई बार नोटिस भी जारी करते हुए अंतिम अवसर भी प्रदान किया गया लेकिन उसका भी उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। अंततः जिला शिक्षाधिकारी ने उनकी सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर ब्लॉक के पपड़ेल केंद्र से लगी प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ शिक्षक जगदीश प्रसाद दांगी 29 जनवरी 2024 से निरंतर अनुपस्थित थे। करीब डेढ़ सालों से शाला से बगैर बताए गायब रहने पर विभाग द्वारा उन्हें 30 जून 2025 को पत्र जारी करते हुए उल्लेख किया गया कि आपकी निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग मानी जा सकती है। इस पत्र का भी शिक्षक दांगी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके उपरान्त दांगी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 28 जुलाई 2025 को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसकी पावती भी विभाग को प्राप्त हुई। अंतिम कारण बताओ नोटिस का भी शिक्षक श्री दांगी द्वारा उत्तर नहीं दिया गया। अंततः जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए श्री दांगी को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

क्रमांक/शिकायत/अनु0का0/2025/ राजगढ़, दिनांक ...../08/2025

**आदेश**

प्राचार्य, शा0उमावि0 पपडेल, विकासखंड खिलचीपुर से प्राप्त सूचना अनुसार प्राथमिक शाला कोयला में पदस्थ शिक्षक श्री जगदीश प्रसाद दांगी दिनांक 29.01.2024 से निरंतर अनुपस्थित हैं। श्री दांगी की यह अनुपस्थिति अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती है।

उक्त के क्रम में श्री दांगी को प्रथम कारण बताओ सूचना-पत्र कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6/1/5/0014/2025-DEO-COLL-RJG I/334502/2025 दिनांक 30.06.2025 जारी किया गया था जिसमें स्पष्ट किया गया था कि संबंधित की निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग (Abandonment of Service) मानी जा सकती है। उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र का संबंधित द्वारा कोई उत्तर प्रदान नहीं किया गया। तत्पश्चात श्री दांगी को **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6/1/5/0014/2025-DEO-COLL-RJG I/393118/2025 दिनांक 25.07.2025 द्वारा अंतिम कारण बताओ सूचन-पत्र जारी किया गया, जिसकी पावती दिनांक 26.07.2025 को प्राप्त हो चुकी है, परंतु संबंधित द्वारा उक्त का भी कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

श्री दांगी पक्ष प्रस्तुत करने हेतु, अंतिम अवसर प्रदान कर दिनांक 11.08.2025 को समक्ष में सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया किंतु संबंधित उपस्थित नहीं हुए जबकि उक्त हेतु जारी पत्र की पावती दिनांक 08.08.2025 कार्यालय को प्राप्त हुई है ।

संबंधित श्री जगदीश दांगी, प्राथमिक शिक्षक की यह अनुपस्थिति एवं पत्रों का उत्तर न देना, निम्नलिखित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है :-

**संबंधित सेवा नियमों का उल्लंघन –**

- मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 – नियम 3, शासकीय सेवक से कर्तव्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन अपेक्षित होता है। श्री दांगी की अनुपस्थिति इस नियम का उल्लंघन है।
- मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 दृ नियम 10(1)(d)– बिना सूचना/अनुमति के निरंतर अनुपस्थिति सेवा त्याग की स्थिति है। यदि उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया हो, तो बिना विभागीय जांच के भी सेवा समाप्ति की जा सकती है।

उपरोक्त तथ्यों, नियमों एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट है कि श्री जगदीश प्रसाद दांगी ने जानबूझकर अपने शासकीय कर्तव्यों से विमुख होकर, सेवा त्याग किया है। श्री दांगी के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के बाद भी कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया ।

अतः श्री जगदीश प्रसाद दांगी, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय कोयला, विकासखंड खिलचीपुर की सेवा को दिनांक 29.01.2024 से प्रभावी मानते हुए, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 10(1)(d) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया जाता है।

**यह आदेश नियमों के अंतर्गत पूर्णतः वैध एवं तत्काल प्रभावशील है।**

Digitally signed by
KARAN SINGH BHILALA
Date: 18-08-2025
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़ म0प्र0

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र में रक्षा सूत्र बांधे



**जीरापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र में राधा कृष्ण की झांकी सजाई गई। जहां पर उपस्थित बंधुओं को श्रद्धा भाव से रक्षा सूत्र बांधे। तथा इन भाईयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए उनकी रक्षा की कामना की। इस पावन अवसर पर आयोजित राधा-कृष्ण की सुन्दर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नम्रता दीदी ने बताया कि संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो सब सुखी एवं परमपिता सब भाई बहनों को हमेशा सुखी रहें।इस कार्यक्रम में बच्चों, पत्रकार एवं वरिष्ठजनों ने भाग लिया।

# गोगा नवमी पर निकाला चल समारोह

**माचलपुर।** नगर में रविवार को गोगा नवमी के अवसर पर लोक देवता जाहरवीर गोगाजी महाराज की जयंती बाल्मीकि समाज द्वारा बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाल्मीकि मोहल्ले में स्थित गोगाजी के मंदिर में चल रहे भजन कीर्तन की पूर्णाहुति के बाद सभी बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात डीजे बैंड बाजों के साथ गोगाजी की छड़ी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से निकली गई,



शोभायात्रा में युवा डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर थिरकते चल रहे थे, नगर में छड़ी की शोभायात्रा का विभिन्न चैराहों पर पूजा अर्चना कर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में बाल्मीकि समाज के बड़ी संख्या स्त्री पुरुष वा बच्चों ने तो हिस्सा लिया। यात्रा नगर भ्रमण उपरांत बांध पहुंची जहां विभिन्न धार्मिक रस्मो को करने के बाद पुनः गोगाजी की छड़ी बाल्मीकि समाज के मोहल्ले में स्थित मंदिर पहुंची जहां आरती हुई और प्रसादी वितरण हुई।

# निकाली भोलेनाथ की शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

श्रावण मास की समाप्त होने के बाद बाबा गुप्तनाथ महादेव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपनी प्रजा का हाल जानने रविवार को नगर भ्रमण पर निकले। अटूट आस्था का केंद्र गुप्तनाथ महादेव मंदिर से रविवार दोपहर बाद डीजे डोल ढामाके के साथ विशाल शोभायात्रा पूरे लाव लश्कर के साथ प्रारंभ हुई जिसमे 12 ज्योतिर्लिंग,स्वयंभू गुप्तनाथ महादेव,बाबा बिल्लेश्वर महादेव की चलित झांकियां वा शंकर पार्वती के रूप सजे पात्र झलकियां साथ अलग अलग वाहनों पर आकर्षक रूप से सजी साथ चल रही थी। ये यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जिसमें बाजार चैक स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर हरि हर मिलन हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शिव भक्त थिरकते चल रहे थे यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की वही जगह जगह स्वागत किया गया। नगर भ्रमण उपरांत महादेव मंदिर पहुंचे जहां पंडित चंद्रशेखर त्रिवेदी बाबा मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना कर आरती की ओर भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।



## चौपाल व विविध गतिविधियों से जागरुकता का प्रयास

# आगे बढ़ने बच्चों व युवाओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धनवासकलां गांव के किशोर और युवाओं ने बाल-विवाह जैसी कुरीति को खत्म करने और शिक्षा को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। यह पहल गांव की युवती एवं पीस वॉलेंटियर किरण तंवर के एक्शन प्रोजेक्ट के दौरान सामने आई। किरण गांव की शिक्षित युवती हैं और युवाओं के साथ मिलकर सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने संवाद के दौरान कहा, अगर युवा साथी मन से ठान लें तो न केवल बाल विवाह जैसी कुरीति, बल्कि नशा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरुकता जैसे मुद्दों पर भी गांव को बदल सकते हैं। हमें संविधान से मिले मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना होगा। गांव में आयोजित विविध गतिविधियों के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने युवाओं से कहा कि बाल-विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि बच्चों, युवाओं के भविष्य को छीनने वाला अपराध भी है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और मूल्यों को अपनाना होगा, तभी समाज सही दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

इसी दौरान बैठक में शामिल किशोरियों ने भी स्पष्ट कहा कि उनका भविष्य शिक्षा में ही है। माया तंवर ने कहा, हम अब केवल पढ़ाई पर ध्यान देंगे और गांव के अन्य बच्चों-युवाओं को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। अहिंसा टीम की रजनी प्रजापति ने किशोरियों से संवाद करते हुए उन्हें बाल-विवाह के नुकसान बताए और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



### जागरूकता और प्रगतिशील सोच की मिसाल बनेगा

गांव में आयोजित संवाद बैठक एवं गतिविधियों में किशोर, युवा और बच्चे मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह तय किया कि आगे से गांव में बाल-विवाह रोकने के साथ शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। गांव के किशोर अब बदलाव की राह पर संकल्पबद्ध होकर न केवल खुद पढ़ेंगे, बल्कि दूसरों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगे। धनवासकलां गांव में युवाओं द्वारा लिया गया यह संकल्प आने वाले समय में शिक्षा, जागरूकता और प्रगतिशील सोच की मिसाल बनेगा।

खबर संक्षेप

## नगरपालिका ने किया पालकी का स्वागत



**आष्टा।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार के बाद निकलने वाली बाबा महाकाल की शाही राजसी पालकी हिन्दू उत्सव समिति व सकल समाज के नेतृत्व में प्राचीन शंकर मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई परदेशीपुरा चौराहा पर पहुंची, जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने पूजा-अर्चना की, वहीं हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट सहित सकल समाज के वरिष्ठजनों का साफा बांधकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, विशाल चौरसिया, तेजपाल मुकाती, सुभाष नामदेव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, महेन्द्रसिंह ठाकुर, जगदीश खत्री, नगर महामंत्री मोहित सोनी, रूपाली चौरसिया, लखन पाटीदार, जुगलकिशोर मालवीय, सुशील पांचाल, सुनील मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में नपा कर्मचारीगण आदि मौजूद थे।

## जहां निराकुलता होती है वहां सुख होता है: मुनिश्री

**आष्टा।** श्रीचंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर ने कहा कि जिन्होंने पुरुषार्थ से कर्म रूपी मल को परास्त कर दिया है, वे जीव अनंत सुख का अनुभव करते हैं। जो संसारी जीव हैं, वे कर्म के प्रभाव से निरंतर परास्त हो रहे हैं। उन्हें आत्म सुख की अनुभूति नहीं हो रही, वे केवल इंद्रिय सुख का अनुभव कर रहे हैं। मुनिराज के सानिध्य में चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान के अंतर्गत 19वें तीर्थंकर 1008 श्री मल्लिनाथ भगवान की पूजा, भक्ति और आराधना श्रावक-श्राविकाओं ने भक्ति भाव से की। मुनिश्री ने कहा कि जहां निराकुलता होती है, वहां सुख होता है। जहां आकुलता होती है, वहां सुख समाप्त हो जाता है।




### नगर भ्रमण पर निकले भगवान भोलेनाथ, दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

# देर रात तक निकली शाही पालकी, आकर्षक झांकियों के साथ कलाकारों ने दिखाए करतब













पालकी में कई आकर्षक झांकियां हुई शामिल कलाकारों ने दी प्रस्तुति। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा आष्टा की शाही पालकी देखकर ऐसा लगा कि उज्जैन की महाकाल की शाही पालकी में शामिल हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आस्था और विश्वास का प्रतीक भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी सोमवार शाम से शुरू हुई जो की देर रात 3 बजे तक निकाली जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए शाही सवारी में एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियां हुईं शामिल कलाकारों ने दी प्रस्तुति।

बता दें कि सावन की भगवान भोलेनाथ की पालकी के बाद 18 अगस्त को साईं पालकी निकाली शाही सवारी पुराना भोपाल इंदौर मार्ग ,बुधवारा,परदेसीपुरा, ग़ल चौराहा, मानस भवन, चारबत्ती चौराहा, नजरगंज, माता मंदिर, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी होते हुए निकली साईं पालकी का एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### झांकियां हुई शामिल, कलाकारों ने दी प्रस्तुति

भगवान भोलेनाथ की अंतिम शाही पालकी में देर रात विशाल जन समूह शामिल हुआ शाही सवारी करीब 2 किलोमीटर लंबी थी और 12 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया पालकी में 50000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। साईं पालकी में एक अलग ही नजारा था छत्तीसगढ़ आदिवासी टीम की झलक देखने को मिली ,मध्य प्रदेश के झाबुआ की टीम भी रही शामिल ,उड़ीसा कालाहांडी का कटप्पा भी शाही पालकी सवारी का आकर्षण रहा, साथ ही बनारस काशी की अघोरी टीम ने दर्शकों खूब लुभाया , मेरठ से आए हनुमान शिव पार्वती भी शामिल हुए हरियाणा की नो देवी, कर्नाटक का रक्षास स्वरूप भी लोगों को देखने को मिला, महाराष्ट्र के आकर्षण ढोल ने शहरवासियों का दिल जीत लिया साथ ही भोपाल का नटराज डीजे, उज्जैन के बैंड बाजे के साथ ही आष्टा सीहोर के डीजे शामिल हुए शाही पालकी 2 किलोमीटर लंबी थी जिसमें 50000 लोग शामिल हुए और रात 3 बजे साईं पालकी निकलती रही।

### मंत्री विश्वास सारंग ने कहा की आष्टा की शाही सवारी में शामिल हुआ तो लगा बाबा महाकाल की शाही पालकी में शामिल हुआ

वैसे तो आष्टा शहर में हर वर्ष सावन माह के बाद अंतिम शाही पालकी निकलती है लेकिन इस बार एक अलग ही नजारा था हजारों लोग शाही पालकी के साक्षी बने इसमें मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग भी शामिल हुए और मानस भवन के सामने बने मंच से शाही पालकी में शामिल हुए उन्होंने अवसर पर कहा कि आष्टा शहर की आज निकली शाही सवारी अच्छी निकली हजारों लोग और एक से बढ़कर एक झांकियां तो ऐसा लगा कि मैं आज बाबा महाकाल की उज्जैन की शाही पालकी में शामिल हो रहा हूं अच्छी बात है उन्होंने हिंदुओं की एकता पर बल दिया वह लव जिहाद के मामले में भी बोले भव्य आयोजन के लिए उन्होंने कालू भट्ट को बधाई दी और कहा कि ऐसा आयोजन होते रहना चाहिए। शाही पालकी में जहां सभी समाज जन के अध्यक्ष भी शामिल हुए शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी शाही सवारी देखने निकले इस दौरान हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने कहा कि आप सभी ने साथ दिया इतना जन समूह शाही पालकी में शामिल हुआ इसके लिए सभी का हृदय से आभार।

### प्रशासन रहा मुस्तैद, पुलिस रही तैनात

बाबा महाकाल की अंतिम शाही सवारी में पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और चौक चौराहों पर पुलिस के जवान मोर्चा संभाले दिखाई दिए ।इस दौरान एसडीएम नितिन टाले और एसडीओपी आकाश अमलकर स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते दिखाई दिए। एसडीएम नितिन कुमार टाले ने बताया की अंतिम शाही सवारी में हमारे तहसीलदार दोनों नायब तहसीलदार और 40 कोटवार व्यवस्था में लगे थे वही दो एम्बुलेंस और दमकल वाहन को भी आकस्मिक सेवा के लिए तैयार रखा गया था। वही पुलिस विभाग के एसडीओपी आकाश अमलकर ने जानकारी देते हुए बताया की बाबा महाकाल की अंतिम शाही सवारी में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीहोर और भोपाल से विशेष पुलिस बल बुलाया गया था वही सीहोर जिले के दोराहा, जावर, पार्वती, सिद्धिगंज, आष्टा सहित महिला थाना प्रभारी भी सुरक्षा व्यवस्था में संभाले हुए थे।

# कुंडियाधागा गांव जाने वाला रोड बन गया दलदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर से कुंडियाधागा गांव जाने वाला 6 किलोमीटर का रोड आज तक नहीं बन पाया है। राजनीतिक एवं प्रशासनिक निषक्रियता की वजह से पूरा रोड दलदल बन चुका है। परेशान होकर क्षेत्र के किसानों ने पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को इस संबंध में अवगत कराया तो नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने मौके पर जाकर क्षेत्र के राजनीतिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस संबंध में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए।


यहां पर दलदल बन चुका जिसका खामियाजा सबसे ज्यादा जावर नगर और कुंडिया गांव के किसान उठा रहे हैं किसानों को अपने खेत पर जाने में खासी परेशानी उठानी पड़ती है कई बार ट्रैक्टर ट्राली भी इस रास्ते पर फंस जाते हैं जिसके लिए जेसीबी बुलानी पड़ती है आलम यह है कि किसानो के जानवर भी कई बार फस के मर चुके हैं लेकिन खेत पर जाने की मजबूरी की वजह से किसान इस रास्ते से ही निकलते हैं। किसानो ने कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से रोड बनाने की बात कही तो हमेशा नेताओं ने लच्छेदार बातें करते हुए कहा कि यह रोड स्वीकृत हो चुका है बनने वाला है।



परंतु आजादी के बाद से आज तक वह दिन नहीं आया। नपाध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि उक्त संबंध में हम क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह एवं जिलाधीश कलेक्टर सीहोर बालागुरु के तथा एसडीएम आष्टा नितिन टाले को भी अवगत करवाएंगे।

किसान भाइयों की दुर्दशा देखकर मन बहुत दुखी हो रहा है। यदि उक्त संबंध में जल्द से जल्द कार्रवाई करके रोड बनवाया जाए जिससे जावर नगर से कुंडिया गांव जाने वाले लोगों को एवं किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। यदि जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से करण सिंह दरबार, चेतन सिंह दरबार, कुबेर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, चेतन सिंह प्रजापत, याकूब खा, कललू खा, तौसीफ खा, मुन्नाशाह, कुमेर प्रजापत, राजेंद्र सिंह ठाकुर, चैन सिंह प्रजापत,भेरू सिंह मालवीय सहीत भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## पूरा विश्व एक परिवार है वसुधैव कुटुंबकम की हमारी भावना से इसका पता चलता है: रचना श्रीवास्तव



**आष्टा।** हमारी मान्यता रही है कि पूरा विश्व बड़ा परिवार है और वसुधैव कुटुम्बकम की हमारी भावना से इसका पता चलता है। उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी पर शांति के साथ-साथ सम्पूर्ण ब्रह्मांड के लिए भी शांति चाहते हैं। उक्त विचार मुख्यवक्ता डॉ रचना श्रीवास्तव ने शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में वसुधैव कुटुंब की अवधारणा की अवधारणा विषय पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दीपेश पाठक ने विषय का परिचय देते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम उनका कुटुंब है जो एक दूजे के सुख की कामना करते हैं व उसके लिए सदा प्रयत्नशील रहते हैं। मनुष्य ही नही अपितु सभी प्राणियों के प्रति सामान भाव रखते हैं व प्रकृति को जीवन के लिए अनिवार्य मान उसका संरक्षण चाहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है महाविद्यालय भी परिवार की तरह है। कार्यक्रम का संचालन व आभार डॉक्टर दीपेश पाठक ने किया। कार्यक्रम में डॉ मधुरानी, डॉ कुमकुम अग्रवाल, सुरेंद्र यादव डॉ अमिला पटेल सपना ताम्रकार डॉ ललित राय डॉ बेला सुराना डॉ मेघा जैन पवन पिपलोदिया दीपक मालवीय जगदीश नागले वसीम खान जयपाल विश्वकर्मा जितेंद्र विश्वकर्मा वैभव सुराणा सतेंद्र सक्सेना रेणुका पचलसिया आदि सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

# चौथे दिन भी बारिश जारी, सड़क खराब, प्लॉटों में भराया पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में बीती रात भी रात भर रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही बारिश के चलते बाइपास सहित अन्य कॉलोनी में खुले प्लॉट तालाब नजर आ रहे हैं शहर के कई वार्डों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल की सड़क भी खराब हो गई हैं। आष्टा क्षेत्र में बीते 24 घंटे में 10 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है वर्षामापी केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आष्टा में 1 जून 2025 से आज दिनांक तक 534 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है जो कि पिछले वर्ष 1 जून 24 तक 716 मिली मीटर बारिश हुई थी।

बता दे की आष्टा ब्लॉक के जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद क्षेत्र में जहां सोमवार सुबह 10 बजे से 5 बजे के बीच रुक-रुक कर बारिश होती रही तो वहीं आष्टा ब्लॉक में मेना,कोटरी सहित अन्य क्षेत्र में देर रात भी क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश होती रही। दरअसल बारिश के मौसम में हर पल मौसम बदल रहा है कभी अचानक धूप निकल आती है तो कभी बादल छाने के साथ हल्की बारिश होने का सिलसिला शुरू हो जाता है सोमवार को भी सुबह धूप निकली थी लेकिन दोपहर बाद गर्मी और उमस से लोग परेशान दिखाई दिए और 3 बजे बाद बारिश शुरू हुई तो रात भर रुक-रुक कर बारिश होती रही आष्टा में करीब चार घंटे तेज बारिश हुई जिसके चलते बुधवारा, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड ,पुरानी सब्जी मंडी, कन्नौद रोड भोपाल नाका के अलावा कई स्थानों पर पानी निकासी के अभाव में रोड पर ही पानी भरा रहा जिस कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। मौसम विशेषज्ञ एस एस तोमर ने बताया है कि अगले कुछ दिन तेज बारिश के साथ-साथ रुक रुक कर बारिश होती रहेगी बीच में हल्की धूप भी निकलेगी।

### खाचरोद सिद्धि गंज क्षेत्र में नदी नाले उफान पर

खाचरोद से सतीश जोशी ने बताया कि लगातार बारिश से क्षेत्र के कई नदी नाले उफान पर आ गए। पटनार्स नदी पर बने रखने पर बारिश का पानी आने से करीब डेढ़ घंटे ग्रामीण क्षेत्र का मार्ग बन रहा इसी तरह अन्य गांव के कई नदी नाले भी में भी जल स्तर बढ़ गया था।

### भागवत कथा में भगवान कृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा का किया वर्णन

# रुक्मणी कृष्ण का विवाह प्रेम और भक्ति का प्रतीक है: पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मेहतवाड़ा में चल रही साथ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पूजा किशोरी वैष्णव ने भगवान कृष्ण और रुक्मणी का विवाह की कथा का वर्णन किया। पूजा किशोरी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण और देवी रूकमणि के प्रेम विवाह की एक प्रसिद्ध पौराणिक कथाएं रुक्मणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी और कृष्ण को मन ही मन अपना पति मान चुकी थी। रुक्मणी का विवाह उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल के साथ तय कर दिया था। लेकिन रुक्मणी श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थी।

पूजा किशोरी ने कहा कि रुक्मणी ने श्री कृष्ण को संदेश भिजवाया और उनसे विवाह करने का आग्रह किया। तब श्री कृष्ण ने यह पाती पड़ी और विवाह करने का निश्चय किया। भाई की नाराजगी और शिशुपाल का विवाह करना इसके बीच भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण किया और उसे द्वारका ले गए। उसके बाद द्वारका में विधि पूर्वक उनका विवाह संपन्न हुआ। श्री कृष्ण रुक्मणी की यह कथा प्रेम भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। रुक्मणी विवाह भागवत कथा और अन्य धार्मिक ग्रंथो में भी इसका वर्णन आता है। कृष्ण रुक्मणी की झांकी बनाई गई भगवान श्री कृष्ण रथ में सवार होकर रुक्मणी जी के घर पहुंचे और उनका हरण किया। झांकी भागवत कथा में विस्तार से बताई गई। सभी ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के दर्शन किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भागवत कथा श्रवण करने आसपास क्षेत्र और ग्रामीण जन मौजूद थे। विगत रात्रि को नानी बाई का मायरा कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिस्म भी लोगों ने काफी संख्या में मे माईरे को सुना। कार्यक्रम में पंकज जैन, राहुल कुंवर , अके सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह मामा, राजेश शर्मा, धीरज सिंह नागराज,शोभाल ठाकुर, अरविंद सिंह ठाकुर, फतेह सिंह पडियार, सज्जन सिंह, जगन्नाथ सिंह, प्रेम सिंह, हिंदू जागरण भगवा यात्रा के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



